हिंदू संगठनों का विरोध प्रदर्शन, सी.एम. के नाम ज्ञापन दिया

जहाजपुर में ठाकुर जी के बेवाण पर पत्थर फेंके जाने को लेकर आक्रोश

मसूदा (निसं.)। रविवार को सर्व हिंदू समाज एवं विश्व हिंदू परिषद चित्तौड़ प्रांत बजरंग दल द्वारा राजस्थान के मुख्यमंत्री के नाम मसूदा एसडीएम को एक लिखित ज्ञापन दिया जिसमें बताया गया कि राजस्थान में कट्टरपंथी मौलानाओं के संरक्षण में इस्लामिक जेहादियों द्वारा हिंदू समाज की धार्मिक आस्था को ठेस पहुंच कर देंगे भड़काने के उद्देश्य से मस्जिद से देव विमानों पर पत्थर बाजी सहित अन्य संवेदनशील घटनाओं व बारावफात के जुलूस को हिंदू धार्मिक स्थलों के सामने से नहीं निकालने की मांग की है।

ज्ञापन में बताया कि राजस्थान में कट्टररपंथी मौलानाओं के संरक्षण में इस्लामिक जेहादियों द्वारा गत दिनों से राष्ट्रीय एवं हिंदू महापर्वों पर निरंतर हिंदू समाज की धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचकर दंगे भड़काने के उद्देश्य से षडयंत्र पूर्वक योजनाबद्ध तरीके से संवेदनशील घटनाओं को कारित किया जा रहा है। और बताया कि भीलवाड़ा के जहाजपुर में शनिवार को जलझूलनी एकादशी के पावन पर्व पर किले से आ रही पीतांबर राय महाराज के (बेवाण) पर मस्जिद से पत्थर बाजी की गई जिसमें पांच महिलाएं सहित कुछ युवकों व क्षेत्रीय विधायक को चोट आई है। इसी दिन भीलवाड़ा के उपनगर सांगानेर व बांसवाड़ा में गणेश पंडालों में पत्थर बाजी करके हमला किया गया। और ज्ञापन में बताया कि इससे पूर्व भीलवाड़ा में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर गाय की पूंछ काटकर मंदिर में फेंकने, उदयपुर में षडयंत्रपूर्वक नाबालिग के माध्यम से देवराज की हत्या, झालावाड़ जिले के बकानी में मुस्लिमों द्वारा हिंदू दलित परिवार के घर में घुसकर महिलाओं पर जानलेवा हमला करना, श्री कृष्ण जन्माष्टमी के दिन कोटा जिले के रामगंज मंडी में शिवलिंग तोड़ना, स्वतंत्रता दिवस के दिन कोटा के कैथून थाना क्षेत्र के मंदिर परिसर में मांस से सने बर्तनों को धोने से मना करनेजेहादियों द्वारा हिंदू संत व महिलाओं का अपमान किया गया।

बजरंग दल ने राजस्थान के मुख्यमंत्री के नाम मसूदा एसडीएम को एक लिखित ज्ञापन दिया।

मुकदमा दर्ज होने के बावजूद गिरफ्तारी नहीं हुई। और बताया कि किस प्रकार की संवेदनशील घटनाओं से हिंदू समाज की भावनाओं को आहत होती है यह अत्यंत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। जहाजपुर मस्जिद व मदरसों के मौलवी, सदर ने सपरिवार अन्य जेहादियों को साथ लेकर मस्जिद से पत्थर बाजी की है इन सभी को गिरफ्तार करके अवैध इस्लामिक मजहबी स्थानों को ध्वस्त किया जाए, अन्यथा बारावफात के इस्लामिक महजबी जुलूस को हिंदू धार्मिक स्थलों के सामने से नहीं निकलने दिया जाएगा इस दौरान जो भी परिस्थितियों बनेगी उसके लिए प्रशासन सहित मुस्लिम समाज स्वंय जिम्मेदार होगा।इस दौरान सर्व हिंदू समाज के वक्ताओं ने कहा कि विगत कुछ समय से इस्लामिक जिहादी तत्वों द्वारा षडयंत्र पूर्वक एक निश्चित समय अंतराल पर हिंदू समाज के विरुद्ध अघोषित छद्म युद्ध छेड़ा गया है।

गणेशोत्सव में बही आस्था की गंगा

अजमेर, (कासं)। अजमेर में इन दिनों गणेश महोत्सव की धूम है। शहर की विभिन्न कॉलोनियों में गणेश प्रतिमा स्थापित कर श्रद्धालु अपनी आस्था प्रकट कर रहे है। आदर्श नगर स्थित शालीमार कॉलोनी विकास समिति के तत्वावधान में कॉलोनी के मंदिर परिसर में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। गणेश चित्रण सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित हुई, जिनमें नन्हे बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। प्रतियोगिता के विजेताओं को समिति द्वारा पुरस्कृत भी किया गया।

सांस्कृतिक सचिव अनुपम भटनागर ने बताया कि गणेशोत्सव के अंतर्गत बच्चों के लिए गणेशचित्रण प्रतियोगिता रखी गई, जिसमें वर्ग (अ) में अम्वी खत्री प्रथम, कास्वी जैन द्वितीय, इप्शिता रावत, अनय हेड़ा तृतीय स्थान पर रहे। आयुष सक्सेना व वंश जैन ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। वर्ग (ब) में भूमि रांका प्रथम, शिवांग शर्मा द्वितीय, मनीषा रावत, साक्षी मुंडोतिया तृतीय स्थान पर रहे। दिव्यांशु मुंडोतिया व कुनुष शर्मा ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। अल्का शर्मा तथा अस्मिता शर्मा इस प्रतियोगिता के निर्णायक रही। उन्होंने बताया कि महिलाओं के लिए मोदक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में उषा हेड़ा, अनुराधा गर्ग प्रथम, शिल्पा सक्सेना, लतिका शर्मा द्वितीय तथा पवित्रा अग्रवाल, मंजू माहेश्वरी तृतीय स्थान पर रहे।

सार-समाचार

जलझूलनी एकादशी का पर्व मनाया

सरवाड़ (निसं.)। सरवाड़ कस्बे में भारतीय संस्कृति का इन्दूधनुषी जलझूलनी एकादशी का पर्व उल्लास भरे वातावरण में धार्मिक श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया गया इस अवसर पर यहां के आती प्राचीनतम और ऐतिहासिक गोपीनाथ जी के मंदिर पर सायंकाल 5 बजे सभी प्रमुख मंदिरों के बेवाण एकत्रित हुए और पूजा अर्चना के बाद इन सभी रेवड़ियों की आकर्षण शोभायात्रा प्रारंभ हुई वहीं ढोल बाजों और व मंजीरों की थाप और शंखनाद के बीच गुलाब के फूलों गोटा किनारी और रंग बिरंगी चमकदार पन्नियों से सजी-धजी रेवड़ियों का निकाला जुलूस वहीं आदिनाथ मंदिर महावीर भवन बाबरों की धाटी मोमीन मोहल्ला व अस्थल होता हुआ सांपला दरवाजे के बाहर स्थित धोवानिया तालाब पर पहुंचा जहां सैकड़ो की तादाद में उपस्थित श्रद्धालु नर नारियों ने जय घोषो एवं विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ भगवान का जलाभिषेक किया गया और भगवान की महाआरती उतारी गई बाद में सभी रेवड़ियों को तालाब के किनारे वट वृक्ष के नीचे रखा गया एवं परम्परानुसार राजा बालि की कथा का वाचन हुआ और उसके बाद शंख ध्वनि के साथ आरती की आरती के बाद सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया रेवड़ियों के जुलूस में सबसे आगे स्वर्णकार समाज की रेवाड़ी थी उसके पीछे गोपीनाथ मंदिर रघुनाथ मंदिर लक्ष्मी नारायण मंदिर सत्यनारायण मंदिर सीताराम मंदिर मुरली मनोहर मंदिर (पारीक मोहल्ला)व माली मोहल्ला स्थित रघुनाथ मंदिर की रेवड़िया चल रही थी जुलूस में सभी शामिल श्रद्धालु गोविंद हरे गोपाल हरे सर्वेश्वर दीन दयाल हरे संकीर्तन करते हुए चल रहे थे जुलूस के दौरान पूरे रास्ते में दर्शनाथिर्यों की भारी भीड़ जमा थी श्रद्धालुओं में धार्मिक मान्यतानुसार रेवड़ियों के नीचे से होकर निकलने की एक अधोषित होड़ सी मची हुई थी सायंकाल यहां परम्परागत मेले का आयोजन भी हुआ पूरा चौक दर्शनाथिर्यों से खचाखच भरा हुआ था बाद में रात्रि को रेगरान समाज की ओर से भी बाबा रामदेव महाराज की रेवाड़ी निकाली गई तथा इस मौके पर पुलिस प्रशासन मुस्तैद नजर आया।

वृहद शान्तिधारा

अजमेर, (कासं)। अखिल भारतवर्षीय श्री दिगम्बर जैन महासभा, अजमेर संभाग, अजमेर के संयोजक संजय कुमार जैन एवं संभाग प्रवक्ता कमल गंगवाल ने बताया कि पर्यूषर्ण पर्व के अवसर पर आज उत्तम त्याग धर्म पर नित्य नियम पूजन, अभिषेक व वृहद शान्तिधारा जैन समाज के सभी मन्दिरजी जिनालयों नसियां, क्षेत्रों में की गई। गंगवाल व जैन ने जानकारी दी कि दसलक्षण धर्म की श्रृंखला के तहत सभी जिन मन्दिरजी, नसियांजी में ब्र. भैया व दीदियो ने अपने प्रवचन में कहा कि आज उत्तम त्याग धर्म-उत्तम त्याग करे जो कोई भोगभूमि सुर षिवसुख होई अर्थात-उत्तम त्याग करने वाले व्यक्ति को मुक्ति सुन्दरी स्वयंमेव वरण करती है तथा देवता भी उसे नमस्कार करते है। अपने लाभ और लालच को नींद से जागो और पर द्रव्यों में क्यों फंसा छोड मोह माया का बंधन, बुराईयों का त्याग और अच्छाईयों को ग्रहण करो। ज्ञान और धन के खोल दो भंडार, जिदंगी है सीमित। आज अपने परिग्रहरूपी पाप पर सीमा बांधना है। धन की, पापों की सीमा बांधो, झूंठ, चोरी परिग्रह, कुषील, ग्रहस्थी की सीमा बांधो। अधर्म को सीमित करने का नाम त्याग है। विजय पांडया ने जानकारी दी कि आज धार्मिक वाद विवाद प्रतियोगिता, धार्मिक हाउजी, भक्ति संगीत नृत्य, भक्तामर पाठ, नवकार पाठ व 108 दीपकों से महाआरती की गई।

नवीन कार्यकारिणी का गठन

मसूदा (निसं.)। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उप शाखा मसूदा के वार्षिक चुनाव 2024 25 निर्विरोध संपन्न, नवीन कार्यकारिणी में सभा अध्यक्ष श्रवण सिंह चौहान अध्यक्ष मंगल सिंह जी रावत मंत्री राजा पृथ्वी पाल सिंह जी राठौड़ कोषाध्यक्ष मांगू राम जी गुर्जर उपसभा अध्यक्ष महावीर प्रसाद टेलर अल्लाह नूर काठात वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय सिंह रावत महिला उपाध्यक्ष संतोष चौहान उपाध्यक्ष पुरुष केसर सिंह महिला मंत्री उषा कुमारी हाडा अध्यापक गोविंद सिंह चौहान पंचायत समिति शिक्षक गोपी राम वरिष्ठ अध्यापक शंकर लाल प्राध्यापक मोठू राम रेबारीमहिला शिक्षक सीमा तवर शारीरिक शिक्षक शैलेंद्र सिंह सोलंकी सेवानिवृत शिक्षक श्रवण कुमार वर्मा पंचायत शिक्षक नियाज मोहम्मद प्रदेश महासमिति में रतन सिंह देवड़ा पंकज शर्मा करण सिंह बडगूजर शैलेंद्र सिंह सोलंकी गंगा सिंह पडियार श्याम सुंदर शर्मा नरेंद्र सिंह चौहान इसी प्रकार जिला महासमिति में 26 सदस्यों का निर्वाचन किया गया।

कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ

अजमेर, (कासं)। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री तथा अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी संसदीय क्षेत्र के प्रवास पर है। रविवार को केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी किशनगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अराई गांव में स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल विद्यालय में आयोजित 68वीं जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में सम्मिलित हुए। केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने कबड्डी प्रतियोगिता के शुभारंभ कार्यक्रम में भाग लेकर विद्यालय परिवार, प्रतिभागी खिलाड़ियों, आयोजक सदस्यों से संवाद करते हुए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में प्रतिभागी खिलाड़ी, प्रशिक्षक, शिक्षकगण, स्थानीय जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता, प्रशासनिक अधिकारी एवं स्थानीय खेल प्रेमी आमजन उपस्थित रहे। खिलाड़ियों के साथ कबड्डी के मैदान में उतरे केंद्रीय मंत्री : समारोह के दौरान केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने स्थानीय क्षेत्रवासियों की समस्याओं को सुना और उनके त्वरित निवारण को लेकर अधिकारियों को निर्देशित किया। कबड्डी प्रतियोगिता के शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी खुद को खिलाड़ियों के साथ मैदान में उतरे और दमखम दिखाते हुए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि कबड्डी हमारे देश की मिट्टी से जुड़ा हुआ खेल है, जो हमारी संस्कृति, परंपरा और वीरता का प्रतीक है। इस खेल की जड़ें हमारी प्राचीन धरोहरों में हैं, जहां शारीरिक क्षमता, मानसिक चातुर्य और साहस का अनूठा संगम देखने को मिलता है।

पुलिस ने मार्च पास्ट निकाला

बिजयनगर (निसं.)। शनिवार कोशाहपुर जिले के जहाजपुर में हुई पत्थर बाजी की घटना के पश्चातपुलिस प्रशासनअलर्ट मोड पर है।सोमवार को सब्जी मंडी में लगने वालेश्री राम भक्त हनुमान मंदिर मेले में परंपरागत रूप से शहर के प्रमुख मागी से निकलने वाले बजरंग अखाड़े की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस ने मार्च पास्ट निकला। तहसीलदार शिल्पा चौधरी पुलिस उच्चाधीक्षक मसूदा सज्जन सिंह थानाधिकारी राजमल कुमावत मय जाब्ते के राजनगर से मुख्य बाजार होते हुए बालाजी के मंदिर मार्ग पर फ्लैग मार्च रिहर्सल किया।

"सभी जगत का मंगल होय"

अजमेर, (कासं)। आज भारतीय जैन मिलन आदिनाथ अजमेर द्वारा बड़े धडे की नसिया के पास स्तिथ 'जैन आचार्य विद्या सागर कीर्ति स्तम्भ' से सब्ज़ी मण्डी चौराहा तक एक रैली निकल कर 'मंगलाचरण एवं मेरी भावना छपे हुए पत्रक वितरित किये। गौरतलब है कि इस समय एक सितम्बर से सतरह सितंबर तक जैन समाज के पर्यूषण महापर्व चल रहे हैं जिसमें जैन समाज द्वारा अपने आत्मकल्याण के साथ साथ संसार के समस्त जीवों के कल्याण की त्याग एवं तपस्या के माध्यम से मंगल कामना की जाती है।

मंगलाचरण पत्रक' में बहुत ही साधरण लेकिन प्रभावपूर्ण तरीके से इसी भावना को दर्शाया गया है। भारतीय जैन मिलन अजमेर के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश जैन पाटनी ने बताया कि जैन समाज के लोग् एक छोटी सी चिंटी को मारने में भी बहुत बड़ा पाप समझते हैं तथा चाहते हैं कि सब जीवों में मैत्री भाव बना रहे। जैन धर्म के इन्हीं मूल सिद्दांतों का पालन करना आज के समय की आवश्कता है।

इस अवसर पर राकेश मामा, ललित जैन पान्डे, निक्की जैन, उदयपुर जैन मिलन के सचिव चन्द्र कुमार जैन, महिला ईकाई की अधयक्षा मीनाक्षी, मीना, अजय दोसी, मनीष सेठी, कार्यकारी अध्यक्ष मदन लाल बाफना, सचिव सुनील छाजेड़, उपाध्यक्ष राजेन्द्र पाटनी, क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश जैन पाटनी, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष पी सी जैन गंगवाल सहित अन्य सदस्य उपस्तिथत रहे।

गणेश प्रतिमा विसर्जन 17 को

अजमेर, (कासं)। सागरविहार कॉलोनी स्थित बडकालेश्वर मंदिर में गणेश महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया जा रहा हैं। गणेश चतुर्थी पर स्थापित गणेश प्रतिमा की महिला मंडल द्वारा रोजाना पूजा अर्चना की जा रही हैं। कार्यक्रम संयोजक वीना उप्पल ने बताया कि प्रतिदिन सांयकाल महिला मंडल द्वारा भजन गाए जाते हैं। गणेश जी की स्तुति की जाती हैं। गणेश जी के भोग लगाकर आरती की जा रही हैं। तत्पश्चात प्रसाद वितरित किया जाता हैं। छोटे बच्चो के बीच विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित की जाती हैं, विजेताओं एवम प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाता हैं। इस अवसर पर कौशल्या, लीला अग्रवाल, नगीना चतुर्वेदी, आभा गांधी, अपूर्वा अग्रवाल, प्रियंका शर्मा, अनीता राठी, वर्षा लोढ़ा, अनीता गार्गिया, सहित क्षेत्र की अनेक महिलाएं मौजूद थी। गणेश महोत्सव के समापन पर गणपति विर्सजन मंगलवार को मध्यान्ह 2.15 बजे गाजे बाजे के साथ किया जाएगा।

एकादशी का उत्सव मनाया

भगवान श्रीकृष्ण मंदिर में जलझूलनी एकादशी धूमधाम से मनाई।

अजमेर, (कासं)। अमरदीप आरपीएएससी कॉलोनी मे स्थित भगवान श्रीकृष्ण मंदिर में जलझूलनी एकादशी के पावन अवसर पर गाजे-बाजे के साथ शाही अंदाज में फूल-मालाओं से सजी हुई ठाकुर जी की रेवाड़ी निकाली गई।

मंदिर से ठाकुर जी की सवारी आज मंदिर परिसर से आरंभ होकर कॉलोनी के विभिन्न क्षेत्रों से निकल गई ठाकुर जी की सवारी का जगह-जगह स्वागत किया तथा रेवाड़ी की सवारी में आज महिला पुरुष तथा बच्चे नाचते गाते हुए सवारी का आनंद ले रहे थे सवारी विभिन्न मार्गो से आरंभ होकर मंदिर परिसर पहुंची, जहां पुजारी द्वारा पूजा पाठ करवाई और आरती की गई इसके पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया।

पावर प्लांटों का शिलान्यास 17 को

■ समारोह की व्यवस्था के लिए प्रबंध निदेशक के पी वर्मा ने जारी किए निर्देश

अजमेर, (कासं)। मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार द्वारा 17 सितम्बर को अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के सौर ऊर्जा संयंत्रों पीएम कुसुम- सी योजना व 33/11 केवी सब स्टेशनों का शिलान्यास किया जा रहा है।

प्रबंध निदेशक के.पी. वर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री कुसुम-सी के अंतर्गत अजमेर डिस्कॉम के अलग-अलग सर्कल्स में चिन्हित 103 सौर ऊर्जा पावर प्लांट्स का शिलान्यास मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा किया जाएगा व कार्यक्रम की अध्यक्षता ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर करेंगे। शिलान्यास (वर्चुअल माध्यम) कार्यक्रम में भाग लेने वाले वृत कार्यालय, पंचायत ब्लॉक व जिला स्तर पर वर्चुअल माध्यम से जुड़ेंगे।

प्रबंध निदेशक वर्मा ने इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम के सफलतापूर्वक आयोजन के लिए एक वी सी का आयोजन किया, जिसमें निदेशक तकनीकी एम सी बाल्दी ने सभी अधीक्षण अभियंताओं व प्रभारी अधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बाल्दी ने बताया कि निगम के 12 सर्किल में 103 पावर प्लांटों का शिलान्यास किया जा रहा है, इन पावर प्लांटों की कुल क्षमता 221.21 मेगावॉट है। चीफ इंजीनियर (प्रोजेक्ट) गोपाल चतुर्वेदी ने बताया कि इन प्लांट्स की अनुमानित लागत 774.24 करोड़ है और इनके सफल स्थापना के पश्चात अधिकतम 1.05 करोड़ प्रति मेगावाट सीएफए (सब्सिडी) केंद्र सरकार द्वारा देय हैं। समस्त एसई ओएंडएम को सोलर पावर प्लांट के मालिक, जन प्रतिनिधियों और जिला प्रशासन के साथ समन्वय करने के साथ-साथ अपने सर्कल में कार्यक्रम की व्यवस्था करने के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

इन सर्किलों के पावर प्लांटों का होगा शिलान्यास- जानकारी के अनुसार अजमेर सर्किल मे 6, बांसवाड़ा सर्किल मे 1, ब्यावर मे 1, भीलवाड़ा मे 9, चित्तौड़गढ़ मे 10, डीडवाना- कुचामन मे 16, झुंझुनूं मे 7, नागौर मे 35, नीम का थाना मे 5, प्रतापगढ़ मे 1, सीकर मे 6, और डूंगरपुर मे 6, इन 12 सर्किलों के पावर प्लांटों का शिलान्यास होगा।

विधायक ने दरगाह में दी हाजरी

अजमेर, (कासं)। सूफी संत हजरत ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती की दरगाह शरीफ में रविवार को महाराष्ट्र के सोलापुर से एक हजार जायरीन के दल सहित विधायक दिलीप ने दरगाह जियारत की। उन्होंने यहां सूफी परंपरा के अनुरूप मखमली चादर व फूल पेश किए दुआ मांगी। उन्हें दरगाह के खादिम सैयद इब्राहिम चिश्ती ने जियारत कराई और दस्तारबंदी की। हिंदू मुस्लिम सभी धर्म व समाज के लोगों को लेकर महाराष्ट्र के शोलापुर से विधायक दिलीप ख्वाजा साहब की दरगाह में जियारत करने रविवार को अजमेर पहुंचे, यहां उन्होंने सूफी परंपरा के अनुरूप दरगाह जियारत की। विधायक ने बताया कि ख्वाजा साहब की दरगाह में नसीब वाला ही आता हैं।

श्राद्धपक्ष 18 से

अजमेर, (कासं)। सनातन संस्कृति में पितृपक्ष को महत्वपूर्ण माना जाता है। इस बार 18 सितम्बर यानी पूर्णिमा से श्राद्धपक्ष की शुरुआत होगी। पितृपक्ष में लोग पुष्कर सहित तीर्थ स्थलों पर पितरों के निमित्त श्राद्धकर्म, तर्पण कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करेंगे। पुरोहितों को दान,पुण्य, गायों, श्वान व कौओं को भी भोजन कराया पितरों का आशीर्वाद लिया जाएगा।

आचार्य पवन भारद्वाज ने बताया कि शास्त्रों में कहा गया है कि जो स्वजन अपने शरीर को छोडक़र चले गए हैं चाहे वे किसी भी रूप में अथवा किसी भी लोक में हों, उनकी तृप्ति और उन्नति के लिए श्रद्धा के साथ जो शुभ संकल्प और तर्पण किया जाता है वह श्राद्ध है। उन्होंने बताया इस बार 18 सितम्बर पूर्णिमा से श्राद्धपक्ष की शुरुआत हो रही है, समापन 2 अक्टूबर को होगा। उन्होंने बताया कि 18 सितम्बर प्रतिपदा का श्राद्ध, 19 सितम्बर द्वितीया, 20 सितम्बर तृतीया, 21 सितम्बर चतुर्थी, 22 सितम्बर पंचमी, 23 सितम्बर षष्ठी, 24 सितम्बर सप्तमी, 25 सितम्बर अष्टमी, 26 सितम्बर नवमी, 27 सितम्बर दशमी, 28 सितम्बर एकादशी, 29 सितम्बर द्वादशी, 30 सितम्बर त्रयोदशी, 1 अक्टूबर चतुदर्शी तथा 2 अक्टूबर सर्वपितृ अमावस्या का श्राद्ध रहेगा।

आचार्य भारद्वाज ने बताया कि पितृपक्ष में पूर्णिमा से अमावस्या तक जिन पूर्वजों की मृत्यु हुई है, उनकी तिथि पर श्राद्ध कर्म किया जाता है। जिन पूर्वजों की तिथि ज्ञात नहीं है, उनके लिए सर्वपितृ मोक्ष अमावस्या के दिन श्राद्धकर्म और तर्पण किया जाता है।

जश्ने ईद मिलादुन्नबी का जुलूस आज

अजमेर। इस्लाम धर्म के पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के मौके पर मनाए जाने वाले जस्ट ईद मिलादुन्नबी का जुलूस सोमवार सुबह 9 ऐतिहासिक ढाई दिन के झोपड़े से निकाला जाएगा।

सूफी इंटरनेशनल के तत्वाधान में होने वाले इस कार्यक्रम में मुस्लिम समाज के सभी वर्ग शामिल होंगे। जुलूस के लिए सभी इंतजाम पूरे कर लिए गए। जिला प्रशासन द्वारा जुलूस को ध्यान में रखते हुए बड़ी संख्या में दरगाह सहित आसपास के क्षेत्र में भारी पुलिस बल तैनात किया है। ईद मिलादुन्नबी के मौके पर रविवार देर रात्रि को सूफी संत ख्वाजा साहब की दरगाह सहित विभिन्न मस्जिदों में अकीदतमद इबादत करते नज? आए और रात भर मोहम्मद साहब की शान में सलातो सलाम और नात ए मंकबत के नजराने पेश किए जाते रहे।

सूफी इंटरनेशनल के सचिव नवाब हिदायतउल्ला ने बताया कि जुलूस ढाई दिन के झोपड़े के सामने से प्रारंभ होगा जोकि अंदर कोट, त्रिपोलिया गेट, चिश्तिया मार्केट, कमानी गेट होता हुआ दरगाह के मुख्य द्वार पहुंचेगा, यहां अंजुमन के पदाधिकारी और खादिम जुलूस में शामिल लोगों का इस्तकबाल कर जुलूस में शामिल होंगे। यहां से जुलूस दरगाह बाजार, मोती कटला, धान मंडी, देहली गेट, गंज होता हुआ फव्वारा चौराहा पहुंचेगा, यहां से ऋषि घाटी स्थित चिल्ला कुतुब साहब पर दोपहर 1:30 बजे मोहम्मद साहब की शान में सलातो सलाम पेश कर देश में अमन चैन भाईचारगी के लिए दुआ मांगी जाएगी।

मुस्लिम युवाओं ने शिविर में 181 यूनिट रक्तदान किया

वार्ड में भर्ती मरीजों को फलों का वितरण किया

मदनगंज-किशनगढ। भारतीय मुस्लिम युवा संस्था की और से राजकीय यज्ञनारायण अस्पताल स्थित आर के पाटनी ब्लड बैंक में आयोजित शिविर में 181 यूनिट रक्तदान एकत्रित हुआ।

जरूरतमंद को रक्त उपलब्ध कराने के उदेश्य को लेकर ईद के मुबारक मौके पर आयोज्य शिविर में सुबह से ही युवाओं ने कतारों में खडे होकर उत्साह के साथ रक्तदान किया। संस्था अध्यक्ष टीपू सुल्तान ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी संस्था द्वारा मेगा रक्तदान शिविर आयोजित किया गया, जिसमें बडी संख्या में युवाओं ने भाग लिया।

इस अवसर पर विधायक डॉ. विकास चौधरी, पूर्व विधायक सुरेश टाक, प्रतिपक्ष नेता हमीदा बानो, पार्षद रफीक चौहान, तककी मोहम्मद, सलीम मोहम्मद, परवीन बानो, पंचायत समिति सदस्य रवि सिनोदिया, पूर्व पार्षद कलसुम शेख, सलीम कुरैशी, एडवोकेट राकेश शर्मा, मोहम्मद हुसैन, आमिर, आजम कुरैशी, अब्दुल अजीज, मुंशी शेख के अलावा सैकड़ो समाजबंधु मौजूद रहे। संस्था से जुडे मुकद्दर गेगल, शरीफ गेगल, रमजानी, गुलहसन, वसीम, अब्दुल वाजिद, अल्ताफ हुसैन, इमरान सोलंकी, रफीक रंगरेज, फरहान, आरिफ, शाहनवाज व बुंदू खान सहित कई युवाओं ने रक्तदान किया। साथ ही संस्था द्वारा वार्ड में भर्ती मरीजों को फलों का वितरण किया। प्रतिपक्ष नेता व पार्षद हमीदा बानो व पूर्व पार्षद कलसुम शैख ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

शिविर में सुबह से ही युवाओं ने कतारों में खडे होकर उत्साह के साथ रक्तदान किया।

बिजयनगर बन्द का आव्हान

बिजयनगर। शाहपुर जिले के जहाजपुर कस्बे में शनिवार को ठाकुर जी के बेवाण निकाले जाने के दौरान की गई पत्थरबाजी की घटना के विरोध में सर्व हिंदू समाज बिजयनगर व सर्व हिन्दू समाज संगठनों ने जुलुस निकालकर नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। सर्व हिंदू समाज के तत्वाधान में आयोजित विरोध प्रदर्शन जुलुस रविवार शाम रेलवे स्टेशन से प्रारंभ होकर पीपली चौराहे पर पहुंचा। पीपली चौराहे पर तहसीलदार शिल्पा चौधरी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सोपा गया। मुख्यमंत्री के नाम प्रेषित ज्ञापन में बताया कि कट्टरपंथी मोल्लानाओं के संरक्षण में इस्लामिक जेहादियों द्वारा हिन्दू समाज की धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचाने दंगे भड़काने के उददेश्य से मस्जिद से देव विमानों पर पत्थरबाजी सहित अन्य संवेदनशील घटनाओं का विरोध जताते हुए बारावफात के जुलूस को हिन्दू धार्मिक स्थलों के सामने से नहीं निकालने की चेतावनी दी। राजस्थान में कटटरपंथी मौलानाओं के संरक्षण में इस्लामिक जेहादियों द्वारा गत दिनों से राष्ट्रीय व हिन्दू महापर्वों पर निरंतर हिन्दू समाज की धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचाकर दंगे भड़कानें के उददेश्य से षडपयंत्रपूर्वक योजनाबद्ध तरीके से संवेदनशील घटनाओं को कारित किया जा रहा है। भीलवाड़ा के जहाजपुर में शनिवार को जलझूलनी एकादशी के अवसर पर किले से आ रहे पीतांबर राय महाराज के (बेवाण) पर मस्जिद से पत्थरबाजी की गयी।

भजन संध्या आज

अजमेर। श्री दिगंबर जैन बीस पंथी नागौरी आमनाय पंचायत छोटा धड़ा की नसिया जी जहा अतिशयकारी एवम चतुर्थकालीन 1008 श्री आदिनाथ भगवान का दरबार है में आज सोमवार,दिनांक 16 सितंबर 2024 को सांयकाल आरती के पश्चात श्री दिगंबर जैन संगीत मंडल अजमेर के तत्वावधान में एक विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया है।

अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

क्रमांकः अविप्रा/प.3/भू.उ. पीं./2024/5615 दिनांकः 30.07.2024

सार्वजनिक सूचनाः- नगरीय विकास एवं आवासन विभाग, राजस्थान सरकार के अधिसूचना क्रमांक प.11 (8)नविवि/2020 दिनांक 24.02.2021 एवं अजमेर विकास प्राधिकरण अधिनियम 2013 के अन्तर्गत निम्नांकित भूमि का आवासीय से व्यवसायिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन हेतु प्रस्तावित किया गया है:-

क्र. सं.	नाम आवेदक	योजना/ राजस्व ग्राम का नाम	खसरा संख्या/ प्लॉट नं.	कुल क्षेत्रफल	जोनल डवलपमेंट प्लान 2033 (जोन-2) के अनुसार भू-उपयोग	स्वीकृत भू-उपयोग	चाहा गया भू-उपयोग
1	2	3	4	5	6	7	8
1	गुलाबो सपेरा मृत्यु व संगीत संस्था	गनहेड़ा (तहसील पुष्कर)	खसरा संख्या 3219/539	8000.00 वर्गमीटर	परिचि निवेशण पट्टी	परिचि निवेशण पट्टी	संस्थानिक

उपरोक्त भू-उपयोग परिवर्तन किये जाने पर किसी संस्था/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 15 दिवस में अपनी आपत्ति कारण/विवरण सहित अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर में दर्ज करावें अन्यथा अवधि के उपरान्त किसी भी आपत्ति या सुझाव पर विचार नहीं किया जायेगा। (मुकेश मित्तल)

सहायक नगर नियोजक, अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर